Resolution Re: Success of Chandrayan ? III Mission and Other Achievements of Our Nation in Space Sector

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे देश की अन्य उपलब्धियों पर एक अत्यंत सार्थक, रचनात्मक चर्चा संपन्न हुई।

अब मैं निम्नलिखित संकल्प सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं:

?हमारे देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम राष्ट्र के लिए एक गौरव का स्रोत है। चन्द्रयान-3मिशन की सफलता, अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियां हमारे देश में अंतर्निहित वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता के प्रमाण हैं। सकारात्मक वातावरण तंत्र और दूरदृष्टि नेतृत्व ने हमारे वैज्ञानिकों को इसके लिए सक्षम बनाया है कि वे पूरी तरह से अपनी क्षमता को यथार्थ रूप दे सकें। अपनी ऊर्जा का उपयोग कर इस प्रकार की ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त कर सकें। यह सदन अभी तक अजेय चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के साथ इस कठिन और अविस्मरणीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए हमारे वैज्ञानिकों विशेष रूप से महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धि को मान्यता देता है तथा उनकी सराहना करता है। अन्य अंतरिक्ष मिशनों के साथ यह उपलब्धि निश्चित रूप से समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देगी तथा हमारे देश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी स्थान पर रखेगी।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : इस बारे में सकारात्मक चर्चा रही और सब ने इस संकल्प को सर्वसम्मति से पारित किया, इसके लिए सब का बहुत-बहुत धन्यवाद।

23.39 hrs